YES PUNJAB, Online, 10.6.2024
Page No. 0, Size:(0)cms X (0)cms.

# Will Rahul Gandhi take the plunge and be LoP

https://yespunjab.com/will-rahul-gandhi-take-the-plunge-and-be-lop/

New Delhi, June 9, 2024

As the Congress Working Committee passed a resolution requesting Rahul Gandhi to become the Leader of Opposition (LoP) in Lok Sabha, it remains to be seen whether he will accept the role.

He will decide soon, as per the party General Secretary K. C. Venugopal, who also said that he (Rahul Gandhi) is “fearless and courageous.” For donning the hat of LoP, being responsible is a far greater criterion than anything else.

The LoP is essentially a Member of Parliament who is the leader in that House of the party in Opposition, having the greatest numerical strength and the requisite 10 per cent of total seats in the House.

As per the mandate of the post, the MP holding the position will be a member of crucial committees, including Public Accounts, Public Undertakings, Estimates, and Joint Parliamentary Committees.

The post entitles being a member of various selection committees responsible for appointing heads of statutory bodies like the Central Vigilance Commission, the Central Information Commission, CBI, NHRC, Election Commission, the Lokpal and others.

In the 16th and 17th Lok Sabhas, Congress, despite being the biggest party in the Opposition, failed to get the LoP status as its tally was below the requisite 10 per cent criterion, both in 2014 and 2019.

In the outgoing Lok Sabha, Congress, with 52 seats had the maximum number among the Opposition but failed to get the LoP status. At that time also, there was a clamour for Rahul Gandhi to become the party’s leader in Lok Sabha. But he refused and named Adhir Ranjan Chowdhury as the leader of the Congress Party in the Lower House.

Now, with an improved mandate in the 2024 Lok Sabha election, the Congress will rightfully claim the position of LoP.

The number of 99 is more than enough to get the status and is also something for Rahul Gandhi to show for his sustained fight against the Modi-led BJP government. More than the 99 successes, Congress is elated over the fact that together with other INDIA bloc partners, it has been able to stop BJP from achieving the magic figure of 272.

This sense of achievement has given the Grand Old Party a new vigour and Rahul Gandhi is being urged by its leaders to take the government head on. The first step towards this is accepting the post of LoP, the party feels.

Whether Rahul Gandhi accepts the post is something to be watched over. In the past, he has been involved in situations that have led to controversies and he being labelled irresponsible.

Who can forget the scene when he tore the printout of an ordinance in 2013 and opposed his own government (Manmohan Singh was the PM then) during a press conference in the national capital?

In March 2023, a Gujarat court had sentenced Rahul Gandhi to two years imprisonment after he was found guilty in the “Modi surname” criminal defamation case during a speech at a 2019 campaign rally. The Supreme Court later reinstated him to his seat.

In 2018, after his speech during a no-confidence motion in Lok Sabha, Rahul Gandhi hugged Prime Minister Narendra Modi and later winked at his fellow party members.

On July 8, 2017, Rahul Gandhi, who was then Congress Vice President, met Chinese envoy to India, Luo Zhaohui, amid escalated border tensions.

The party initially denied the meeting but later admitted after the Chinese embassy put out a press release. And Gandhi took to (then) Twitter saying: “It is my job to be informed on critical issues. I met the Chinese ambassador, ex-NSA, Congress leaders from NE & the Bhutanese ambassador.”

If Rahul Gandhi agrees to be the LoP, for every customary meeting with a foreign dignitary, he will have to take a briefing from the Ministry of External Affairs. Will he follow the drill?

Also, being the LoP, he will have direct communication with the government and the PM. He will have to take rebuttals and make instant replies based on facts. The post requires maturity, a certain calmness, and accuracy in statements.

Being LoP for Rahul Gandhi will bring other challenges for him like maintaining high attendance which he has not been able to do in previous sessions. He will have to be present in the House all days of the session.

His attendance in the House has been below average. Even his participation in debates and raising questions have been way below average.

The Congress wants Rahul Gandhi to take responsibility this time.

But, for the Gandhi scion, who after a stint at the party's top post, has largely stayed away from direct responsibilities, the "shall I or shall I not" decision will not be that easy.(Agency)

# 2 named accused held after police encounter

https://timesofindia.indiatimes.com/city/kanpur/two-named-accused-arrested-after-police-encounter/articleshow/110856249.cms

Kanpur: In swift action, two persons accused of running a tractor-trolley over a UP Police constable during a raid to check illegal mining in Farrukhabad district were arrested following a police encounter on Sunday evening. Identified as Pradeep Yadav and Bhupendra Yadav, both residents of Farrukhabad district, they were named among five accused in the complaint given by the deceased constable's family. Farrukhabad SP Vikas Kumar said that a police team of Special Operation Group had an encounter with the accused. "Both the named accused were shot in the leg. They have been admitted to Mohammadabad Community Health Centre. Further investigations are on." tnn

We also published the following articles recently

Bihar: Two police constables injured in encounter with wanted criminals in MadhubaniTwo police constables were injured during a confrontation with wanted criminals in Bihar's Madhubani district. The encounter took place in the Jayanagar area, where the criminals fired at the police team.110813724

Two criminals killed in separate encounters with UP policeTwo notorious criminals, Nilesh Rai and Prashant Singh, were killed in separate encounters with the UP police. Nilesh Rai, wanted by Bihar police, was involved in 16 serious crimes. Prashant Singh, known as the Prince of Khetasarai, had 37 criminal cases against him.110747387

Encounter death: Delhi Police's special cell gets NHRC noticeNHRC serves notice to Delhi Police Special Cell over the suspected fake encounter with Ajay. Cell maintains self-defence stance. NHRC requests crucial documents and reports.110763432

# बिहार: साढ़े तीन दशक बाद सीपीआई (माले) ने अपने गढ़ आरा में जीत हासिल की है

https://thewirehindi.com/276633/loksabha-polls-bihar-cpi-ml-liberation-performance/

बिहार में 'इंडिया' गठबंधन के साथ मिलकर सीपीआई (माले) ने तीन सीट पर चुनाव लड़ा था- आरा, काराकाट और नालंदा. पार्टी इनमें से दो सीट जीतने में कामयाब रही.

आरा: साढ़े तीन दशक बाद सीपीआई (माले) ने अपने गढ़ आरा में चुनाव जीत लिया है, उनके प्रत्याशी सुदामा प्रसाद ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आरके सिंह को हराया है. वर्ष 1989 में हुए लोकसभा चुनाव के बाद सीपीआई आरा में लोकसभा का चुनाव कभी नहीं जीत पाई थी. 2008 में हुए परिसीमन के बाद से आरा लोकसभा सीट राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के पास रही है. आरा लोकसभा के अंतर्गत सात विधानसभा क्षेत्र आते हैं, जिनमें से पांच पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेतृत्व वाले गठबंधन के विधायक हैं. आरके सिंह केवल आरा सदर विधानसभा में मात्र 8,271 वोट से आगे रहे. अपना गढ़ माने जाने वाले बड़हरा में वे 1,827 वोट के अंतर से पिछड़ गए. इस तरह सात विधानसभा क्षेत्रों में से छह में भाजपा पीछे रही.

इस सीट पर 2019 के लोकसभा चुनाव में सीपीआई (माले) ने राजू यादव को मैदान में उतारा था. उस समय राजद और कांग्रेस के साथ सीपीआई (माले) ने आरा से संयुक्त चुनाव लड़ने का फैसला किया था. इसके बदले में पाटलिपुत्र सीट पर सीपीआई (माले) ने सहयोग किया था. लेकिन तब पार्टी जीत पाने में नाकाम रही. उसे करीब डेढ़ लाख वोट के अंतर से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा. तब भी भाजपा की ओर से आरके सिंह ही मैदान में थे.

इस बार बिहार में 'इंडिया' गठबंधन के साथ मिलकर सीपीआई (माले) ने तीन सीट पर चुनाव लड़ा था – आरा, काराकाट और नालंदा. काराकाट से पार्टी प्रत्याशी राजाराम सिंह चुनाव जीत गये हैं. नालंदा से पार्टी ने पालीगंज के विधायक संदीप सौरव को उतारा था. वे जदयू के कौशलेंद्र कुमार से 1,69,114 वोट के अंतर से हार गए. पार्टी को आरा में 48.28 प्रतिशत, काराकाट में 36.89 प्रतिशत और नालंदा में कुल मतों का 34.11 प्रतिशत हासिल हुआ.

अभिनेता सुदामा प्रसाद

वर्ष 1982 में सुदामा प्रसाद पढ़ाई बीच में छोड़कर सीपीआई (माले) के पूर्णकालिक कार्यकर्ता बन गए. उन्होंने सांस्कृतिक मोर्चे पर काम की शुरुआत की और सरकारी सांढ़, पत्ताखोर, कामधेनु, सिंहासन खाली करो जैसे नाटकों में अभिनय किया. वर्ष 1990 में पहली बार आरा विधानसभा से चुनावी मैदान में उतरे सुदामा प्रसाद ने 2015 के विधानसभा चुनाव में तरारी विधानसभा सीट पर पहली जीत हासिल की. बाद में 2020 के विधानसभा चुनाव में भी जीते. 1979 से 83 तक सांस्कृतिक संगठन में सक्रियता के बाद वे 1984 में भोजपुर-रोहतास ज़िले के आईपीएफ (इंडियन पीपल्स फ्रंट) के सचिव चुने गए.

1985 में भोजपुर के किसान आंदोलन के दौरान मारे गए कामरेड जीउत-सहतू की श्रद्धांजलि सभा के दौरान पुलिस रेड में वे पहली बार गिरफ्तार हुए और जेल जाना पड़ा. भागलपुर सेंट्रल जेल में उन्होंने लगभग 22 दिन काटे.

इसके बाद एकवारी में कामरेड बैजनाथ चौधरी की हत्या के खिलाफ आयोजित सभा में प्रतिवाद करने के बाद वे 1989 में दूसरी बार जेल गए. इस दौरान लगभग 31 महीने जेल में रहे. जेल में रहते हुए ही उन्होंने आरा विधानसभा से आईपीएफ के बैनर तले पहला चुनाव लड़ा और 29,000 से अधिक वोट हासिल किए.

### ज़मीन से कटे आरके सिंह?

भाजपा के एक पूर्व विधायक का कहना है कि वर्ष 2014 में चुनाव जीतने के बाद आरके सिंह ने कभी भी जिला कमेटी के साथ कोई बैठक नहीं की थी. वर्ष 2015 में हुए बिहार विधानसभा चुनाव में आरा लोकसभा के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र में उम्मीदवारों के चुनावी प्रचार में नहीं गए, जबकि उन्हें पूरा रोडमैप बनाकर दिया गया था. वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में भी ऐसा ही हुआ. एकाध जगहों को छोड़कर आरके सिंह कभी भी चुनाव प्रचार में नज़र नहीं आए.

चुनाव की घोषणा के बाद आरके सिंह ने एबीपी चैनल को दिए एक साक्षात्कार में हंसते हुए कहा था, 'आपको जानकर आश्चर्य होगा कि हम आरा नहीं भी जाएं तो आसानी से चुनाव जीत जाएंगे.' उन्होंने आगे कहा था कि आरके सिंह का पूर्व या वर्तमान विधायकों के साथ कोई समन्वय नहीं रहा. पार्टी के अधिकारियों से किसी तरह की बातचीत नहीं रही. बहुत सारे बूथ पर तो भाजपा का कोई कार्यकर्ता भी नहीं था.

### काराकाट की लड़ाई

काराकाट लोकसभा से सीपीआई (माले) ने ओबरा के पूर्व विधायक राजाराम सिंह को मैदान में उतारा था. 2009 में अस्तित्व में आने के बाद काराकाट लगातार एनडीए के कब्जे में रहा है. राजाराम पटना विश्वविद्यालय में क्रिएटिव स्टूडेंट्स यूनियन के संस्थापक अध्यक्ष और इंकलाबी नौजवान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं. वे जहानाबाद, औरंगाबाद और काराकाट से कई चुनाव लड़ चुके हैं.

उन्होंने आईपीएफ के राष्ट्रीय कार्यालय सचिव के रूप में भी कार्य किया. उन्होंने सोन नहर बचाओ संघर्ष समिति का नेतृत्व किया. छात्र आंदोलन के दौरान वे दो बार जेल गए और कई बार गिरफ्तार हुए. अस्सी के दशक में वह आईपीएफ के एक लोकप्रिय नेता के तौर पर उभरे.

उन्होंने पहली बार 1985 में ओबरा विधानसभा से चुनाव लड़ा. लेकिन कामयाबी नही मिली. 1995 और 2000 के बिहार विधानसभा चुनाव में उन्होंने ओबरा से जीत हासिल की. वे बिहार विधानसभा में सीपीआई (माले) विधायक दल के उपनेता व विधानसभा की निवेदन व प्राक्कलन समिति के सदस्य भी रह चुके हैं.

2 मई 2012 के दिन छोटू कुशवाहा मुखिया हत्याकांड के बाद राजाराम सिंह सहित मंच पर उपस्थित उन्नीस लोगों की बर्बर पिटाई करके अधमरी अवस्था में औरंगाबाद जेल में डाल दिया था. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने इसकी भर्त्सना की थी और प्रशासन पर जुर्माना भी लगाया था. लगभग तीन महीने जेल में रहने के बाद राजाराम सिंह बाहर आए थे.

इस लंबी यात्रा के बाद आज वह संसद जाने की तैयारी कर रहे हैं.

# बिहार: साढ़े तीन दशक बाद सीपीआई (माले) ने अपने गढ़ आरा में जीत हासिल की है

https://thewirehindi.com/276633/loksabha-polls-bihar-cpi-ml-liberation-performance/

बिहार में 'इंडिया' गठबंधन के साथ मिलकर सीपीआई (माले) ने तीन सीट पर चुनाव लड़ा था- आरा, काराकाट और नालंदा. पार्टी इनमें से दो सीट जीतने में कामयाब रही.

आरा: साढ़े तीन दशक बाद सीपीआई (माले) ने अपने गढ़ आरा में चुनाव जीत लिया है, उनके प्रत्याशी सुदामा प्रसाद ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आरके सिंह को हराया है. वर्ष 1989 में हुए लोकसभा चुनाव के बाद सीपीआई आरा में लोकसभा का चुनाव कभी नहीं जीत पाई थी. 2008 में हुए परिसीमन के बाद से आरा लोकसभा सीट राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के पास रही है. आरा लोकसभा के अंतर्गत सात विधानसभा क्षेत्र आते हैं, जिनमें से पांच पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेतृत्व वाले गठबंधन के विधायक हैं. आरके सिंह केवल आरा सदर विधानसभा में मात्र 8,271 वोट से आगे रहे. अपना गढ़ माने जाने वाले बड़हरा में वे 1,827 वोट के अंतर से पिछड़ गए. इस तरह सात विधानसभा क्षेत्रों में से छह में भाजपा पीछे रही.

इस सीट पर 2019 के लोकसभा चुनाव में सीपीआई (माले) ने राजू यादव को मैदान में उतारा था. उस समय राजद और कांग्रेस के साथ सीपीआई (माले) ने आरा से संयुक्त चुनाव लड़ने का फैसला किया था. इसके बदले में पाटलिपुत्र सीट पर सीपीआई (माले) ने सहयोग किया था. लेकिन तब पार्टी जीत पाने में नाकाम रही. उसे करीब डेढ़ लाख वोट के अंतर से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा. तब भी भाजपा की ओर से आरके सिंह ही मैदान में थे.

इस बार बिहार में 'इंडिया' गठबंधन के साथ मिलकर सीपीआई (माले) ने तीन सीट पर चुनाव लड़ा था – आरा, काराकाट और नालंदा. काराकाट से पार्टी प्रत्याशी राजाराम सिंह चुनाव जीत गये हैं. नालंदा से पार्टी ने पालीगंज के विधायक संदीप सौरव को उतारा था. वे जदयू के कौशलेंद्र कुमार से 1,69,114 वोट के अंतर से हार गए. पार्टी को आरा में 48.28 प्रतिशत, काराकाट में 36.89 प्रतिशत और नालंदा में कुल मतों का 34.11 प्रतिशत हासिल हुआ.

अभिनेता सुदामा प्रसाद

वर्ष 1982 में सुदामा प्रसाद पढ़ाई बीच में छोड़कर सीपीआई (माले) के पूर्णकालिक कार्यकर्ता बन गए. उन्होंने सांस्कृतिक मोर्चे पर काम की शुरुआत की और सरकारी सांढ़, पत्ताखोर, कामधेनु, सिंहासन खाली करो जैसे नाटकों में अभिनय किया. वर्ष 1990 में पहली बार आरा विधानसभा से चुनावी मैदान में उतरे सुदामा प्रसाद ने 2015 के विधानसभा चुनाव में तरारी विधानसभा सीट पर पहली जीत हासिल की. बाद में 2020 के विधानसभा चुनाव में भी जीते. 1979 से 83 तक सांस्कृतिक संगठन में सक्रियता के बाद वे 1984 में भोजपुर-रोहतास ज़िले के आईपीएफ (इंडियन पीपल्स फ्रंट) के सचिव चुने गए.

1985 में भोजपुर के किसान आंदोलन के दौरान मारे गए कामरेड जीउत-सहतू की श्रद्धांजलि सभा के दौरान पुलिस रेड में वे पहली बार गिरफ्तार हुए और जेल जाना पड़ा. भागलपुर सेंट्रल जेल में उन्होंने लगभग 22 दिन काटे.

इसके बाद एकवारी में कामरेड बैजनाथ चौधरी की हत्या के खिलाफ आयोजित सभा में प्रतिवाद करने के बाद वे 1989 में दूसरी बार जेल गए. इस दौरान लगभग 31 महीने जेल में रहे. जेल में रहते हुए ही उन्होंने आरा विधानसभा से आईपीएफ के बैनर तले पहला चुनाव लड़ा और 29,000 से अधिक वोट हासिल किए.

## ज़मीन से कटे आरके सिंह?

भाजपा के एक पूर्व विधायक का कहना है कि वर्ष 2014 में चुनाव जीतने के बाद आरके सिंह ने कभी भी जिला कमेटी के साथ कोई बैठक नहीं की थी. वर्ष 2015 में हुए बिहार विधानसभा चुनाव में आरा लोकसभा के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र में उम्मीदवारों के चुनावी प्रचार में नहीं गए, जबकि उन्हें पूरा रोडमैप बनाकर दिया गया था. वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में भी ऐसा ही हुआ. एकाध जगहों को छोड़कर आरके सिंह कभी भी चुनाव प्रचार में नज़र नहीं आए.

चुनाव की घोषणा के बाद आरके सिंह ने एबीपी चैनल को दिए एक साक्षात्कार में हंसते हुए कहा था, 'आपको जानकर आश्चर्य होगा कि हम आरा नहीं भी जाएं तो आसानी से चुनाव जीत जाएंगे.' उन्होंने आगे कहा था कि आरके सिंह का पूर्व या वर्तमान विधायकों के साथ कोई समन्वय नहीं रहा. पार्टी के अधिकारियों से किसी तरह की बातचीत नहीं रही. बहुत सारे बूथ पर तो भाजपा का कोई कार्यकर्ता भी नहीं था.

## काराकाट की लड़ाई

काराकाट लोकसभा से सीपीआई (माले) ने ओबरा के पूर्व विधायक राजाराम सिंह को मैदान में उतारा था. 2009 में अस्तित्व में आने के बाद काराकाट लगातार एनडीए के कब्जे में रहा है. राजाराम पटना विश्वविद्यालय में क्रिएटिव स्टूडेंट्स यूनियन के संस्थापक अध्यक्ष और इंकलाबी नौजवान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं. वे जहानाबाद, औरंगाबाद और काराकाट से कई चुनाव लड़ चुके हैं.

उन्होंने आईपीएफ के राष्ट्रीय कार्यालय सचिव के रूप में भी कार्य किया. उन्होंने सोन नहर बचाओ संघर्ष समिति का नेतृत्व किया. छात्र आंदोलन के दौरान वे दो बार जेल गए और कई बार गिरफ्तार हुए. अस्सी के दशक में वह आईपीएफ के एक लोकप्रिय नेता के तौर पर उभरे.

उन्होंने पहली बार 1985 में ओबरा विधानसभा से चुनाव लड़ा. लेकिन कामयाबी नही मिली. 1995 और 2000 के बिहार विधानसभा चुनाव में उन्होंने ओबरा से जीत हासिल की. वे बिहार विधानसभा में सीपीआई (माले) विधायक दल के उपनेता व विधानसभा की निवेदन व प्राक्कलन समिति के सदस्य भी रह चुके हैं.

2 मई 2012 के दिन छोटू कुशवाहा मुखिया हत्याकांड के बाद राजाराम सिंह सहित मंच पर उपस्थित उन्नीस लोगों की बर्बर पिटाई करके अधमरी अवस्था में औरंगाबाद जेल में डाल दिया था. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने इसकी भर्त्सना की थी और प्रशासन पर जुर्माना भी लगाया था. लगभग तीन महीने जेल में रहने के बाद राजाराम सिंह बाहर आए थे.

इस लंबी यात्रा के बाद आज वह संसद जाने की तैयारी कर रहे हैं.